# जैन ने शिक्षा विभाग के कार्यों का जायजा लिया

**जालोर**, (कासं)। शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला निष्पादन समिति की बैठक जिला कलैक्टर निशान्त जैन की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने शाला दर्पण पर जिले की स्थिति को देख ब्लॉकवार अंकों की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले ब्लॉकों में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने बोर्ड परीक्षा परिणाम में रानीवाड़ा व जसवंतपुरा ब्लॉक का प्रदर्शन बेहतर रहने पर संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मय टीम की सराहना की वही चितलवाना व जालोर ब्लॉक को प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में अनुपयोगी व नकारा सामानों के निस्तारण, विद्यालयों के खेल मैदानों पर किये गये अतिक्रमण को हटाने, ब्लॉक स्तर पर विषयाध्यापकों की स्थिति की सूचना भिजवाने एवं नवीन सत्र में आवश्यकतानुरूप शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने क बात कही। बैठक में जिला कलैक्टर ने जिले की स्कूलों में शौचालयों की स्थिति एवं नवीन शौचालयों के निर्माण को लेकर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। जिला कलक्टर द्वारा स्कूलों में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधायुक्त बनाने, स्कूलों में बालिकाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए गरिमा पेटी की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं बच्चों की समस्याओं के निस्तारण के लिए स्कूलों में चाईल्ड हैल्पलाईन-1098 के डिस्प्ले की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने बताया कि जिले में 24 जून से नवीन सत्र से नामांकन बढाने के लिए प्रवेशोत्सव का प्रत्येक स्कूल स्तर पर आयोजित किया जायेगा एवं जिले में ड्रॉप आउट बालकों की संख्या की कमी लाने के लिए प्रवेशोत्सव के समुचित प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उन्होंने जिले में शत-प्रतिशत नामांकन घोषणा वाली उजियारी पंचायतों की संख्या बढ़ाने के साथ ही जिले में प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में एनसीसी व एनएसएस की सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में शिक्षा अधिकारियों को प्रयास करने के निर्देश दिये। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देते हुए निपुण अभियान के तहत बच्चों में पठन एवं अंकीय समझ विकसित करने पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर.मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चुन्नीलाल परिहार व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक नरेन्द्र परमार सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

# 'कॉफी विद कलैक्टर' कार्यक्रम से छात्राओं का मनोबल बढ़ाया



जैसलमेर में कलैक्टर डॉ. सिंह डॉ. प्रतिभा सिंह ने परीक्षाओं में अव्वल रही जिले की छात्राओं के साथ 'काफी विद कलैक्टर' के अभिनव कार्यक्रम का सूत्रपात करते हुए संवाद किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। 'जैसाणे री लाड़ली, पढ़ेगी बढ़ेगी' थीम को प्रोत्साहित करने व जिले की मेधावी छात्राओं का मनोबल बढाने के लिए जिला कलैक्टर डॉ. प्रतिभा सिंह की एक अनूठी पहल ने रेगिस्तान में पल्लवित-पुष्पित प्रतिभाओं को बेहद अभिभूत कर दिया। जिला कलैक्टर डॉ. सिंह ने जिले में विभिन्न परीक्षाओं में अव्वल रही छात्राओं के साथ 'काफी विद कलक्टर' के अभिनव कार्यक्रम का सूत्रपात करते हुए जिले की मेधावी छात्राओं के साथ सीधा संवाद कायम किया।

जिला कलैक्टर के साथ काफी पर चर्चा करते हुए ये प्रतिभाशाली छात्राएं भावविभोर हो उठी और जिला कलक्टर की पहल को जीवन का अद्भुत सुनहरा पल बताते हुए आभार जताया। जिला कलक्टर ने बेटियों को सामाजिक उन्नयन एवं विकास का मूलाधार बताते हुए इस कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न परीक्षाओं में अव्वल रही छात्राओं से निरन्तर अभ्यास और उच्चतम लक्ष्य को सामने रखकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिला कलक्टर ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं से उनके जीवन के सपनों को पूरा करने के लिए निर्धारित लक्ष्यों व इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी चर्चा की और मोटिवेशनल गाइडेंस दिया।

जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जिला कलैक्ट्री सभाकक्ष में आयोजित''कॉफी विद कलैक्टर'' का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा एवं इसमें बार्ड परीक्षा परिणाम-2022 में जिले में कक्षा 12वीं व 10 वीं में अव्वल अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुई मेधावी छात्राओं का बहुमान किया गया।

इस मौके पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. टी. शुभमंगला, उपनिदेशक महिला एवं अधिकारिता अशोक कुमार गोयल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बलवीर तिवारी, सहायक निदेशक समसा प्रभुराम राठौड के साथ ही मेधावी छात्राएं एवं उनके माता-पिता व अभिभावक उपस्थित थे।

# जे.डी.ए. दस्ते की अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. इन्द्रजीत यादव आयुक्त जेडीए के निर्देशानुसार जेडीए दस्ते ने नियमित रूप से अवैध एवं अनाधिकृत निर्माणों, अवैध कॉलोनियों, पार्किंग के इतर निर्मित बहुमंजिला इमारतों, अवैध खनन, सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों तथा विभिन्न अन्य अतिक्रमणों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की। जेडीए दस्ते द्वारा गुरूवार को ग्राम चौखा पत्रकार कॉलोनी व प्रीत विहार तथा अन्य स्थानों पर अवैध निर्माणों व अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

उपायुक्त पश्चिम नीरज मिश्र के निर्देशानुसार ग्राम चौखा खसरा संख्या 702, 703, 704 व 712 पत्रकार कॉलोनी का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान संख्या 1 व 2 पर बिना संयुक्तिकरण एवं आवंटित भूमि से अधिक भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कर अतिक्रमण किया हुआ पाया गया। दस्ते ने अप्रार्थी को सख्त हिदायत दी गई कि बिना प्राधिकरण की सक्षम स्वीकृति के किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करें साथ ही आवंटित भूमि से अधिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को स्वयं अपने स्तर पर हटा लेंवें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

प्राधिकरण दस्ते ने ग्राम चौखा खसरा संख्या 697, 698 व 700 प्रीत विहार के मौका निरीक्षण के दौरान भूखण्ड संख्या 103 के सामने सडक भाग में पत्थर व बजरी डालकर एवं ढालिया बनाकर अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ पाया। दस्ते ने अप्रार्थी को सडक भाग में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के लिए पाबंद किया। इसी प्रकार दस्ते ने उपायुक्त दक्षिण अनिल पूनिया के निर्देशानुसार ग्राम पाल खसरा संख्या 79 तथा उपायुक्त पश्चिम नीरज मिश्र के निर्देशानुसार ग्राम चौपासनी जागीर खसरा संख्या 14/10 व 14/6 तिलवाडिया योजना में मौका निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विनियमों के विरूद्ध निर्माण कार्य पाया गया जिसे बंद करवाया। मौके पर हिदायत दी गई कि प्राधिकरण की स्वीकृति के विपरीत किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करें। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, पटवारी पश्चिम नरेन्द्रसिंह राजपुरोहित, प्रवर्तन निरीक्षक पश्चिम अनिल शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता पश्चिम जितेन्द्र मेवाडा मय अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौजूद रहा।

## ग्राम भदवासिया एवं पाल के विभिन्न खसरों के लिए आज लगेगा शिविर

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. इन्द्रजीत यादव जेडीए आयुक्त के निर्देशानुसार प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा आज शुक्रवार को जोन उत्तर ग्राम भदवासिया के समस्त अनुमोदित खसरों तथा जोन दक्षिण ग्राम पाल खसरा संख्या 235/1, 209/4/1 व 209/4/2, 236, 272 मय बट्टा नं. 199 मय बट्टा नं 173, 250, 234, 234/1, 496, 239, 235, 187 व 188, 100, 209/3, 178 बट्टा नं 84/3, 84/4, 72 मय बट्टा नं. 82, 250/1 हेतु जेडीए कार्यालय में प्रातः 10 बजे से सांय 06 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा गुरूवार को आयोजित शिविर के दौरान उपायुक्त पश्चिम नीरज मिश्र, उपायुक्त दक्षिण अनिल पूनिया, उपायुक्त पूर्व श्रवणसिंह एवं उपायुक्त उत्तर चंचल वर्मा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित मौजूद रहे। प्राधिकरण ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित गति से निस्तारण कर 56 पट्टे जारी करते हुए विभिन्न कार्य सम्पादित किए।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में कार्यक्रम हुआ

**बालोतरा**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बालोतरा कि ओर से गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया गया।

भाजपा नगर मण्डल महामंत्री कमलेश ढेलरिया ने बताया कि महान शिक्षाविद प्रखर राष्ट चिंतक राजनीतिज्ञ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी ने कहा कि 6 जुलाई 1901 को एक सभ्रात परिवार में उनका जन्म हुआ ।महानता के सभी गुण उनको विरासत में मिले ।उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने के शिक्षाविद थे । वो मेहनती एवं लगनशील से इंसान थे।अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल के एक गैर कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। उन्होंने पूरा जीवन राष्ट को समर्पित कर जनसघ एवं भाजपा को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया ।उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमराराम सुंदेशा वरिष्ठ नेता झूमरलाल सार्जेंट जिलामंत्री खेताराम प्रजापत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक देश में दो विधान दो निशान दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर जम्मू कश्मीर के सर्वांगीण विकास हेतु धारा 370 और 35 ए को समाप्त करने की प्रेरणा का बीजारोपण कर 8 मई 1953 को जम्मू कुच किया। सीमा में प्रवेश के बाद उनको जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया ।4० दिन तक डॉ मुखर्जी जेल में बंद रहे और 23 जून 1953 को जेल में उनका रहस्यमय ढंग से देहान्त हो गया ।उनके बलिदान को आने वाली पीढी हमेशा याद रखेगी।

कार्यक्रम के अंत में तीन वर्ष पूर्व हुए रामकथा जसोल हादसे की दिव्य आत्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष अंबादान रावल राजेशपुरी जगदीशसिंह राजपुरोहित मंडल महामंत्री जगदीश चंदेल ,खेमाराम चौधरी हितेश पटेल राजेश सांखला वासुदेव अग्रवाल डूंगरराम सुथार मिश्रीमल सुथार ओम प्रकाश माली भल्लाराम चौधरी रामगोपाल राजपुरोहित सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा की जन अधिकार यात्रा मांडोली से रवाना हुई



जालोर में भाजपा की जन अधिकार यात्रा मांडोली से बागरा के लिए रवाना हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में टूटी सड़के, बिजली-पानी की अपर्याप्त आपूर्ति को लेकर पिछले 12 दिन से चल रहे आंदोलन में आयोजित जालोर जन अधिकार यात्रा गुरूवार को मंडोली से कई गांवों से होते हुए बागरा के लिए रवाना हुई।

इससे पूर्व रामसीन एवं मांडोली में जनसभा को संबोधित कर महापडाव में आने के लिए पिले चावल देकर आमन्त्रित किया। मांडोली से रवाना हुई यात्रा के दौरान विभिन्न ग्रामीणों द्वारा भाजपाइयों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और समस्याओं के समाधान के लिए इस संघर्ष में अपना समर्थन देकर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि जालोर जिले के साथ राजस्थान की कांग्रेस सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है और इस सौतेले व्यवहार के कारण जालोर की जनता परेशान हो रही है, जालोर की जनता को राहत दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पिछले 12 दिन से संघर्ष कर रही हैं।

आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अपनी सरकार को बचाने के काम में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि उन्हें आमजनों के दु:खों की परवाह नहीं हैं। कभी उदयपुर की होटलों में कैद हो जाती हैं, तो कभी आलाकमान को बचाने दिल्ली पहुंच जाती हैं, लेकिन राजस्थान की जनता की चिंता नहीं करती। 12 जून से शुरू हुए इस संघर्ष में भीनमाल शहर में दस दिन धरना प्रदर्शन किया और पिछले तीन दिनों से जन अधिकार यात्रा के रूप में पैदल मार्च निकाला गया।

पैदल मार्च के आज तीसरे दिन यात्रा मांडोली से रवाना होकर बिबलसर से होते हुए बागरा पहुंची, जहां रात्रि विश्राम कर, कल प्रात: जालोर के लिए रवाना होगी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, जालोर विधायक गोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी, गोपाल भारती महाराज थूर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धुखाराम राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष भेरूदान चारण, ठाकराराम मेघवाल, जिला महामंत्री हरीश राणावत, भाजपा वरिष्ठ नेता मंगलसिंह सिराणा, महेंद्र पुरोहित, भगवानाराम माली, डायालाल लौहार, शांतिलाल सुथार हडमतसिंह बागरा, नरिंगाराम पटेल, जवानमल सुथार, रमेश कुमार रावल सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधी उपस्थित रहे।

## युवक का शव मिला

**जोधपुर**, (कासं)। शताब्दी सर्किल के पास में कुछ आगे जाने पर एक युवक का शव मिला। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जाती है। शरीर पर जाहिरा चोटों के साथ खरोंचों के निशान मिले है। मृतक के पास में पहचान लायक कोई दस्तावेज नहीं मिले है। पास में एक बैग मिला है जिसमें दो जोड़ी कपड़े है। मर्डर की आशंका के बीच पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और मुआयना किया।

# गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर की तैयारी पर चर्चा की

**जोधपुर**, (कासं)। संभागीय आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने संभाग स्तर पर 29 जून से 1 जुलाई तक तिंवरी के दादाबाड़ी आश्रम में प्रस्तावित तीन दिवसीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के सुचारू संचालन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए गुरूवार को जिला परिषद के राजीव गांधी सेवा केन्द्र में बैठक ली।

बैठक में संभागीय आयुक्त ने शिविर के लिए स्थापित विभिन्न प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों को उनको आवंटित कार्यो के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारियों को शिविर स्थल पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने आवंटित कार्यो के संबंध में रूपरेखा तैयार कर शिविर के सफल एवं सुगम संचालन को सुनिश्चित करावें।

महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक गांधी के दर्शन को पहुंचाने के साथ ही राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन से जोडना है। उन्होंने कहा कि शिविर के प्रत्येक कार्यक्रम में गांधी के दर्शन और उनकी प्रासंगिता को संयोजित किया जाएगा।

जिला सह संयोजक शिवकरण सैनी ने बैठक में शिविर की तैयारियों के बारे में व्यापक जानकारियां देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की एवं अपने सुझाव दिए।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओ पी विश्नोई ने बताया कि शिविर में संभाग के जिलों से 370 प्रतिभागी भाग लेंगे जिसमें जोधपुर जिले से 77, जालौर से 63, जैसलमेर से 28, बाड़मेर से 84, पाली से 80 एवं सिरोही जिले के 38 प्रतिभागी भाग लेगें। उन्होंने शिविर के कार्यक्रम के विवरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम सिटी रामचन्द्र गरवा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फूड पॉइजनिंग के शिकार 77 मरीजों को डिस्चार्ज किया

**जालोर**, (कासं)। रानीवाड़ा तहसील के सूरजवाड़ा गांव में निकमाराम पुरोहित के पुत्र की शादी में प्रीतिभोज में फूड पॉइजनिंग होने से करीब 150 व्यक्तियों को पेट खराब व उल्टी होने की शिकायत की सूचना प्राप्त होने पर चिकित्सा विभाग की मेडिकल टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर लोगों की प्राथमिक स्क्रीनिंग कर उनका उपचार किया गया तथा सीएचसी रानीवाड़ा में लाये गये 77 मरीजों का उपचार कर रात्रि में उन्हें डिस्चार्ज किया गया।

रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी प्रकाशचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि रानीवाड़ा तहसील के सूरजवाड़ा ग्राम में 22 जून को आयोजित शादी समारोह के प्रीतिभोज में दोपहर को फूड पॉइजनिंग की शिकायत प्राप्त होते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीवाड़ा के प्रभारी बाबूलाल पुरोहित द्वारा मालवाड़ा पीएचसी से मेडिकल टीम को सूरजवाड़ा गांव भेजा गया। जहाँ पर टीम ने मौके पर पहुँचकर पीड़ित लोगों की प्राथमिक स्क्रीनिंग कर उनका उपचार किया गया। इस दौरान 77 लोगों को रानीवाड़ा सीएचसी में उपचार के लिए लाया गया जिनका उपचार करने के उपरान्त रात्रि 11 बजे तक सभी मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गंभीर लक्षणों वाले किसी मरीज की सूचना प्राप्त नहीं हुई है तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर खाद्य सामग्री का सैंपल लिया जाकर जांच के लिए प्रयोगशाला जोधपुर भेजा जा चुका है।

# मुखर्जी ने अपना संपूर्ण जीवन देश राष्ट्र के लिए न्यौछावर कर दिया : गर्ग

**जालोर**, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल जालोर की ओर से भाजपा जिला कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी व पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम पर उनकी तस्वीर के समक्ष पुष्प हार चढ़ा कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग उपस्थित थे।

अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष मेघराज चौधरी, जिला महामंत्री हरीश राणावत, मंडल संयोजक व जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी थे। सभी ने आगामी आंदोलन को लेकर भी चर्चा की।

कार्यक्रम में जिला मंत्री सुशीला सेन, भूरसिंह, नगर उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर, रवि सोलंकी, मेथी देवी, नगर मंत्री सूरजपाल गहलोत, संजय बोराना, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, एससी मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर राणा, किसान मोर्चा नगर उपाध्यक्ष परमवीर सिंह भाटी, भाजयुमो नगर अध्यक्ष दिलीप भट्ट, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष मंगलाराम सांखला, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष पिंटू जीनगर, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष जोगेश सैन, पार्षद राजेंद्र टॉक, राजकुमार चौहान, किसान मोर्चा नगर महामंत्री चतराराम गहलोत, हेमेंद्र सिंह बगेड़िया सहित कई पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक जोगेश्वर गर्ग ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन देश राष्ट्र के लिए न्यौछावर कर दिया। उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन प्रणाली से हमें शिक्षा लेनी चाहिए। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। आगामी पार्टी द्वारा कार्यक्रम में आप सभी अपनी सहभागिता निभाएं।

# पाली में अभिरुचि शिविर का समापन



राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में 17 अप्रैल से आयोजित किये जा रहे कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर का समापन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में दिनांक 17 अप्रेल से आयोजित किये जा रहे कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर का समापन नगर परिषद टाऊन हॉल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में संभागीयों के साथ लोगों ने देर रात तक चले कार्यक्रम में उपस्थिति दी।

सी.ओ. स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर कांग्रेस नेता समाजसेवी महावीर सिंह सुकरलाई, जिला शिक्षा अधिकारी मदन पंवार, जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप करमचंदानी, सहायक निदेशक सोहन भाटी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह राजपुरोहित, सहायक स्टेट कमिश्नर गाइड नूतन बाला कपिला उपस्थित रहे।

सुकरलाई ने कहा कि स्काउट गाइड से जुड़कर बच्चे लीडरशिप, आत्मविश्वास, अनुशासन, के साथ साथ रोजगारपरक, शिक्षा प्राप्त करते हैं। 40 दिवसीय कला कौशल शिविर में संभागीयो द्वारा किये गए प्रदर्शन की सराहना की एवं अभिभावकों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

संभागियों ने जीवनोपयोगी ओर रोज़गार परक विभिन्न विधाओं में परिपूर्णता हासिल की। प्रमुख रूप से नृत्य, सिलाई, गायन, कंप्यूटर शिक्षा, आर्ट एंड क्राफ्ट, वेस्ट टू बेस्ट, वाद्य यंत्र बजाना आदि कलाओ को 40 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कई विधाओ को सीखकर पारंगत हुए।

समापन समारोह में संभागियों द्वारा तैयार की हुई सर्वेश्रेष्ठ प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया।

पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में जिला कलैक्टर नमित मेहता, विधायक पाली ज्ञानचंद पारख, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद सिंगाडिया, आयुक्त नगर परिषद बृजेश राय एवं सी बी ई ओ पाली दिलीप करमचंदानी उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन मे सफलता के लिए आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं बनाई गई कलात्मक वस्तुओं को देखकर अभिभूत हुए। इन्हें स्वरोजगार का सबसे उपयुक्त साधन बताते हुए इस प्रशिक्षण शिविर को सार्थक और प्रभावी बताया।

काव्यत्रि आयुषी राखेचा ने काव्य प्रस्तुति से समा बंधा और तालियां बटोरी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फैशन शौ रहा जिसमें निर्णायकों की भूमिका तरुण शर्मा कुलदीप सिंह। आयुषी राखेचा नीलू शर्मा धन कँवर सीमा कंवर ने निभायी। विजेता दिव्या चौहान और रनरअप ममंता कंवर रही।

कार्यक्रम में कलेक्टर एवं विधायक द्वारा जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंगबाड़ी में भामाशाह द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यो एवं शिविर में सहयोग करने वाले भामाशाह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया।

विधायक ज्ञानचंद पारख ने इस प्रकार के कार्यक्रमों का नियमित आयोजन कर जरूरत मंद को रोजगार की दिशा में कार्य करने का आहवान किया, इस हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

सीओ गाइड डिम्पल ने बताया कि दीपक जावा ने संचालन किया। व्यवस्था में भगवान सिंह, रश्मि, दीपमाला, सुखदेव देवल रश्मि महियारिया , दौलत सिंह, मोहन सिंह, नेमाराम प्रजापत, मुकेश अरोड़ा, जितेंद आडवाणी, हिम्मत पटेल, नीलम लक्षकार सीमा कँवर पंकज पंवार अशोक चौहान लक्ष्मण कुमावत डॉ के एम शर्मा, माँ आशापुरा स्कूल के संस्थापक एवं निदेशक भावना शेखावत, करण सिंह शेखावत, भारत पारगी, केसर परमार, आयुष चौहान, अरुण चौहान, कैलाश कंवर, खुशबू बालवंशी, कान्ता चौधरी कविता मेहता ममता सेन, लीला देवी पटेल सहित 500 संभागी, 650 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

## सुरपुरा बांध के कार्य का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। सुरपुरा बांध के सौन्दर्यीकरण की दिशा में जारी व्यापक प्रयासों के पूर्ण होने पर इसका निखरा हुआ आकर्षक स्वरूप शहरी पर्यटन विकास में अहम् योगदान देगा। इसके लिए जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने जोधपुर विकास प्राधिकरण को निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने गुरुवार को सुरपुरा बांध पर चल रहे सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों का जायजा लिया और इनकी प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने सुरपुरा बांध की बारादरी के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त डॉ. इन्द्रजीत यादव ने जिला कलक्टर को बताया कि बारादरी की छत का कार्य प्रगति पर है तथा बताया कि इसके साथ ही विद्युतीकरण का कार्य भी किया जाएगा, जिसके अंतर्गत फ्लड लाइट के वर्क आर्डर जारी हो चुके हैं।

जिला कलेक्टर ने प्राधिकरण आयुक्त के साथ फ्लडलाइट की प्लेसमेंट के बारे में चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**जोधपुर**, (कासं)। कुम्हार समाज का पांचवां सामूहिक विवाह समारोह गुरुवार को मारवाड़ कुम्हार (प्रजापति) समाज विकास संस्थान जोधपुर के तत्वावधान में आज हुआ।

जोधपुर के मध्य स्थित रावण का चबूतरा मैदान में आयोजित इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में तुलसी (राधा रानी) संग ठाकुरजी (श्री कृष्ण) के विवाह के साथ 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

आज प्रातः 7.15 रावण का चबूतरा मैदान में वधु पक्ष का आगमन हो गया। इसी प्रकार मसूरिया स्थित कुम्हारों की बगेची वर पक्ष का आगमन हुआ।। प्रातः 7.15 बजे ठाकुरजी के पीछे सजे-धजे घोड़ों पर 50 दूल्हों की बारात शहर से होकर निकली।

# राजस्थानी काव्य कृति का लोकार्पण 27 को

**जोधपुर**, (कासं)। संवळी साहित्य संस्थान की ओर से निर्मला राठौड़ रचित राजस्थानी काव्य कृति दीठ-दरसाव का लोकार्पण समारोह 27 जून को सांय 5 बजे गुरु शिवदत्त स्मारक गद्दी में आयोजित किया जायेगा ।

संवळी साहित्य संस्थान के सचिव विजयसिंह राठौड़ ने बताया कि जेएनवीयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) के.एल श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता डॉ.आईदानसिंह भाटी करेंगे। समारोह में जेएनवीयू कला शिक्षा एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) के.एल रैगर तथा राजस्थानी भाषा-साहित्य के कवि-आलोचक डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित विशिष्ट अतिथि होंगे।

इस अवसर पर डॉ. इन्द्रदान चारण लोकार्पित पुस्तक दीठ-दरसाव पर पत्र वाचन करेंगे। समारोह में अनेक साहित्यकार, शिक्षाविद एवं शोध छात्र भाग लेंगे।

कार्यक्रम का मंच संचालन साहित्य अकादेमी से सम्मानित युवा रचनाकार महेन्द्रसिंह सिसोदिया करेंगे।

**Office Of Gram Panchayat Balidad ki Basti, Block-SAM Hq JAISALMER**

S.No.-Tender/2022-23/22 Dated:- 22.06.2022

**E- Tender Notice No. - 01/2022-23**

Under Mahatma Gandhi NREGA, RDPR Scheme in the finacial year 2022-23 in Gram Panchayat KHUIYALA, E-tender are invited till dated 01.07.2022 till 6.00 PM, from the willing manufacturers and suppliers, for the supply of construction materials for the construction works to be carried out. Further details regarding the tender can be checked on the web portal http://www.sppp.rajasthan.gov.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in

**NIB Code : PFJ2223A0016**
**UBN Code : PFJ2223GLOB00019**

**VDO/Sarpanch**
**Gram Panchayat Balidad ki Basti**
**Block - SAM HQ JAISALMER**

# कुशल प्रशासन और आध्यात्म का संतुलन जरूरी : निशांत जैन




जालोर के ब्रह्मकुमारी संस्थान में प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए आध्यात्मिकता पर सेमीनार का आयोजन जिला कलैक्टर निशांत जैन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

पी..2 **जालोर**, (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रशासक सेवा प्रभाग आबू पर्वत एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईस्श्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग भवन जालोर के संयुक्त तत्वावधान में प्रशासकों, कार्यपालकों तथा प्रबंधकों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेमीनार का विषय प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए आध्यात्मिकता रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सेमीनार के प्रारंभ में बीके रंजू दीदी सेवा केंद्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी जालोर द्वारा स्वागत भाषण में सभी सम्मानीय अतिथियों का परिचय देकर किया गया। सेमीनार में मुख्य अतिथि निशांत जैन जिला कलेक्टर जालोर, अति विशिष्ट अतिथि हर्षवर्धन अग्रवाल , जिला पुलिस अधीक्षक जालोर, सभा अध्यक्षता राजयोगिनी बीके पूनम बेन, सब जोन इंचार्ज ब्रह्माकुमारीज एवं जोनल कोऑर्डिनेटर प्रशासक सेवा प्रभाग जयपुर, मुख्य वक्ता बीके डॉ रीना , जोनल को ऑर्डिनेटर प्रशासक सेवा प्रभाव भोपाल, विशिष्ट अतिथि बीके सीताराम मीणा पूर्व आईएएस यूपी ,बीके हरीश भाई मुख्यालय संयोजक प्रशासक सेवा प्रभाग आबू पर्वत उपस्थित रहे।

जिला कलैक्टर जालोर निशांत जैन ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुशल प्रशासन के लिए आध्यात्मिकता नितान्त आवश्यक है । आध्यात्मिकता और राजयोग के माध्यम से ही हम एक सशक्त और सुखी समाज बना सकते हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सारी समस्याएं और चुनौतियां आती हैं। लेकिन अध्यात्म के द्वारा हम इन समस्याओं का समाधान सहज रूप से कर सकते हैं। वर्तमान समय आवश्यकता है युवा वर्ग ज्यादा से ज्यादा आध्यात्मिक एवं सकारात्मक रवैया को अपनाएं। माउंट आबू के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने सभी से जीवन में आध्यात्मिकता अपनाने के लिए आव्हान किया । इस अवसर पर जालोर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की ज्यादातर वर्तमान समय हम सब क्राइम और क्रिमिनल की खबरें दिन भर सुनते रहते हैं । उन्होंने कहा कि समाज में बहुत सारी नेगेटिव खबरें हैं। लेकिन राजयोग हमें शक्ति और ऊर्जा प्रदान करता है समाज से क्राइम को कम करना है तो अध्यात्म का सहारा लेना होगा। प्रशासक सेवा प्रभाग की राजस्थान जॉन की सब जॉन इंचार्ज एवं जोनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी पूनम दीदा ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया। माउंट आबू से आये प्रशासक सेवा प्रभागके मुख्यालय संयोजक राजयोगी भ्राता हरीश भाई ने कहा कि प्रशासन का मतलब होता है सबसे पहले स्व पर शासन क्योंकि अगर जिस व्यक्ति का स्वयं पर शासन नहीं है और वह दूसरों पर शासन करने की कोशिश करता है तो वह प्रशासन केवल थोड़े समय के लिए ही रहता है। बाद में वही कर्मचारी साथी विद्रोह करेंगे। नाराज होंगे और आपको रिजेक्ट कर देंगे।

भोपाल से आई डॉ. रीना बहन ने बताया कि प्रशासन में लव ओर लॉ का बैलेन्स रखना बहुत जरूरी है। प्रशासक को आज प्रिय प्रशासक बनने की कोशिश करना चाहिये।प्रशासन में मूल्यों का समावेश से ही है, एक कुशल प्रशासन हम प्राप्त कर सकते हैं। आज मानव का जीवन मूल्यविहीन होता जा रहा है। इसलिए आतंकवाद, अत्याचार, अनैतिकता, अन्याय व्याप्त हो रहा है। अगर इन सबसे हम छुटकारा चाहते हैं तो जीवन में मूल्यों की धारणा होगा।

मोदीनगर के आये सीताराम मीणा ने कहा कि हम ऐसा क्या करें जो हमारी मानसिक अवस्था भी अच्छी रहे और प्रशासन भी सुचारू रूप से निर्विघ्न चले। तो आइए। पहले हम जाने कि बेहतर प्रशासन के लिए यानी एक गतिशील सुशासन के लिए एक प्रशासक में कौन - कौन से गुण होने चाहिए। ब्रह्माकुमारी जालोर सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी रंजू दीदी ने सभी का स्वागत भाषण किया एवं सभा में उपस्थित लोगों का सम्मान किया। ब्रह्माकुमारी पूजा बहन ने सभी को राज्यों की गहन अनुभूति कराई। बीएल सुथार सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता जालोर अपने सभी का आभार व्यक्त किया। ब्रह्माकुमारी अस्मिता बहन ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।

कार्यक्रम में सगरामाराम महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, सीनियर सिटीजन फोरम से ललित कुमार दवे, देवेंद्र कुमार नाग, भारत विकास परिषद से मदन कुमार माली , वेलाराम चौधरी, आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पीटल से डॉक्टर अमित मोहन, डॉ. मंजू, प्रबंधक बीके ललित सिंह , बीके कृष्णा, अश्विन भाई, परमानंद भट्ट साहित्यकार एवं लेखक, शंकर सुथार जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी ,एयू बैंक और आदर्श बैंक के शाखा प्रबंधक, सीनियर एडवोकेट सरदार खां खोखर , एडवोकेट ललित सुथार, लायनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं जिला अध्यक्ष ,डॉ जसवीर, बीके शिल्पा, बीके शिवानी,बीके पूजा बीके कविता, कांतिलाल भाई ,भंवर भाई ,आशा माता, सायती बेन ,संतोष बेन, सती माता, मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक के साथ साथ बडी संख्या विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी के एवं शहर के लोग एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# जालोर में लॉयन्स क्लब का संभागीय अधिवेशन आयोजित




जालोर में लॉयन्स क्लब के संभागीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। लॉयन्स क्लब इन्टरनेशनल, प्रान्त 3233 ई 2 के तत्वावधान में संभाग नौवां संभागीय अधिवेशन स्वर्णिम का आयोजन एक निजी गार्डन जालोर में संभागीय अध्याय लॉयन दीपेश सिद्धावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में लॉयन्स क्लब बाड़मेर, बाड़मेर मालानी, बालोतरा, बालोतरा शक्ति बालोतरा धार, बालोतरा यूथ, जालोर के लॉयन्स एवं लॉयन्स लेडी ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन संजय भण्डारी, पान्तपाल उदयपुर से पधारे से तथा मुख्य वक्ता पीएमजेएफ लॅयन अरविन्द शर्मा पास्ट मल्टिपल कौंसिल चेयरमेन उदयपुर से पहुंचे। सर्वप्रथम आयोज्य क्लब, जालोर के अध्यक्ष लायन किशन महेश्वरी ने स्वागत भाषण दिया। वही संभागीय अध्यक्ष ने संभाग के नौ क्लबों की गतिविधियों की जानकारी दी ।

प्रान्तवाल संजय भण्डारी ने लायन्स क्लब के उद्देश्यों एवं उनके द्वारा पुरे प्रान्त मे किये गये सेवा कार्यों के बारे मे जानकारी दी।

मुख्य वक्ता लायन अरविन्द शर्मा ने बताया कि सभी लायन को प्रतिदिन एक ने एक सेवा कार्य करना चाहिए। जिसमें गायों के चारा, गुड़ रोटी जरूरतमंदो को सहायता, अस्पताल में जाकर रोगियों की सेवा आदि कार्य करने चाहिए। संभागीय अध्यक्ष ने विभिन्न क्लबो द्वारा पूरे वर्ष में किये गये सेवा कार्यों के आधार पर लायन्स क्लब, बाड़मेर को सर्वश्रेष्ठ क्लब घोषित कर पुरुस्कार स्वरूप शील्ड प्रदान की, बेस्ट अध्यक्ष बाड़मेर के लायन मुकेश जैन, बेस्ट सचिव संजय संखलेचा बाड़मेर एवं बेस्ट कोषाध्यक्ष लॉयन गणपत लाल भैसाली बाड़मेर का चयन किया। बेस्ट प्रेजेन्टेशन, फोटो प्रदर्शनी एवं दूर से आए लॉयन्स में भी लॉयन्स क्लब बाड़मेर ने बाजी मारी। संचालन लॉयन कालूराज मेहता ने किया।

# पिस्टल, चार मैग्जीन व 13 कारतूस बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर जिले के सेडवा थानांतर्गत पुलिस ने अवैध हथियारों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

- **आरोपी से बरामदा हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में गहनता से जांच की जा रही है**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह ने बताया कि थानाधिकारी पुलिस थाना सेडवा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार तस्कर ओमप्रकाश विश्नोई निवासी पिपलीबेरी को दस्तयाब कर उसके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस जब्त करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई । सिंह ने बताया कि अवैध हथियारों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाधिकारी पुलिस थाना सेडवा जेठाराम मय जाब्ता की गठित टीम द्वारा द्वारा मंगलवार को मुखबीर से प्राप्त सूचना के अनुसार सरहद पिपलीबेरी (बामरल) में आरोपी ओमप्रकाश पुत्र बाबुलाल जाति बिश्नोई निवासी पिपलीबेरी के कब्जा से अवैध हथियार तीन पिस्टल मय चयार मैगजीन व 13 जिन्दा कारतूस बरामद किये जाकर आरोपी ओमप्रकाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई।

इस सम्बन्ध में मुलजिम के विरूद्ध पुलिस थाना सेडवा में आर्मस एक्ट मे दर्ज किया जाकर आरोपी से बरामदा हथियार की खरीद फरोख्त के बारे में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी औगाला के हेड कांस्टेबल गोरधनराम की विशेष भूमिका रही है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जालोर की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने गुरूवार को डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त हो। उसके लिए आंदोलन चलाया था। एक निशान एक विधान एक प्रधान का नारा दिया था। उन्होंने अपना जीवन देश की एकता को बचाने के लिए समर्पित कर दिया आगे एकता व अखंडता और जम्मू कश्मीर को बचाने के लिए समर्पित कर दिया। मंजू सोलंकी ने बताया कि यह भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। ये राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याप्त थे।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला मंत्री गायत्री गोड, जिला सदस्य इंदु चौधरी, मधु गांधी, मोहीन देवी, मंजू, भंवरी, शांति, माफी, पनकी गहलोत आदि मौजूद रहे।


# प्रतापपुरी महाराज ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण भाजपा के वरिष्ठ नेता मंहत प्रतापपुरी महाराज ने पोकरण विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर लोगो को जनसमस्याओं को सुना व केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानाकारी दी।

ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष खीमाराम सुथार ने बताया कि गुरूवार को भाजपा नेता महंत प्रतापपुरी महाराज ने ऊंजला, मेडवा, तेलीवाडा, राजमथाई, राजगढ, ओला, भैसडा, लूणाकल्ला, सांकडा, चौक, सनावडा, केलावा व महेशों की ढाणी का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीण अंचलो में व्याप्त जनसमस्याओं को सुना व निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की। ग्रामीणो ने बताया कि क्षेत्र में पानी का संकट बना हैं, पानी की सप्लाई नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्र में लोगो को मजबूरन अन्यंत्र स्थानों से पानी लाकर प्यास बुझानी पड़ रही हैं, उन्होने बताया कि इस संबध में कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा हैं, जिस पर महंत ने जिला कलेक्टर से मिल ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। महंत ने कहा कि देश की वर्तमान मोदी सरकार युवाओं, किसानों, बेरोजगारों व व्यापारियों के लिए कई प्रकार की योजनाओं का संचालन कर उनको प्रत्यक्ष रूप से विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य कर रही हैं। प्रदेश सरकार विकास के नाम पर दिखावा करके राज्य की जनता को गुमराह कर रही हैं, जिसकी जवाब आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता जरूर देगी। उन्होंने कहा कि अपराध, अराजकता, महिलाओं से दुराचार व बेराजगारी में राज्य पहले पायदान पर आ गया हैं।

इस दौरान पोकरण ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भरत रतनू, सांगसिंह, मनोहरसिंह, जालमसिंह, अर्जूनराम ओड, बाबूराम सुथार आदि मौजूद रहे।

# पुखराज पाराशर अब 26 को भीनमाल में जनसुनवाई करेंगे



पुखराज पाराशर

**भीनमाल**, (निसं)। जन अभियोग निराकरण समिति के चेयरमैन पुखराज पाराशर के भीनमाल दौरे में आशिंक बदलाव किया गया है।

कांग्रेस नेता श्रवणसिंह दासपा ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जन अभियोग निराकरण समिति के चेयरमैन पुखराज पाराशर का 25 जून को भीनमाल आना था, मगर अब पाराशर 25 जून की जगह 26 जून दोपहर 12 बजे भीनमाल में पंचायत समिति सभा भवन में रखें कार्यक्रम में भाग लेंगे।

जन अभियोग निराकरण समिति के चेयरमैन पाराशर जयपुर से 26 जून की सुबह ट्रेन से सीधे पालनपुर आएंगे। वहां से सांचोर में सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उसके बाद वो दोपहर 12 बजे सीधे भीनमाल आएंगे। यहां पंचायत समिति के सभा भवन में भीनमाल विधानसभा के नागरिक, समाजसेवी संगठनों, कर्मचारी संगठनों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की ओर से स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम रखा गया है।

इस दौरान पाराशर जन संवाद और जनसुनवाई भी करेंगे। समारोह में भीनमाल विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

# तोपखाना के लिए 13 लाख रुपए की स्वीकृति जारी

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने जिला मुख्यालय पर स्थित पुरातात्विक विभाग द्वारा संरक्षित महत्वपूर्ण धरोहर तोपखाना के पुनरूद्धार की भावना को मूर्त्तरूप देने के प्रयास के तौर पर तोपखाना के सौन्दर्यकरण के लिए नवाचार निधि से लाईटिंग व इल्युमिनेशन के लिए 13 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की है।

प्राप्त जनकारी के अनुसार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने बताया कि 13 लाख रूपये की लागत से लाईटिंग व इल्युमिनेशन होने से जालोर की इस पुरातात्विक धरोहर पर डेकोरेटिव लाईटिंग की व्यवस्था हो सकेगी जिससे इसका आकर्षण और बढेगा।

उक्त कार्य का संपादन नगर परिषद जालोर द्वारा किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि उक्त कार्य की मॉनिटरिंग के लिए एक कमेटी बनाई गई है जो नियमित रूप से कार्य संपादन का अवलोकन कर कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित करवाना सुनिश्चित करेगी।

# एनीमिया की जांच के लिए विशेष अभियान 27 से

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर निशांत जैन के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे नवाचार मिशन सुरक्षा चक्र के तहत 27 जून से 17 जुलाई तक एनीमिया की जांच के लिए विशेष अभियान संचालित किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.एस.देवल ने बताया कि अभियान के तहत 6 माह से 19 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं तथा 19 वर्ष से अधिक आयु की समस्त महिलाओं की एनीमिया की जांच की जायेगी साथ ही समस्त गर्भवती महिलाओं की एच.बी. की जांच तथा चिकित्सक द्वारा परामर्श तथा पीएमएसएमए पोर्टल के माध्यम से रिपोर्टिंग की जायेगी। जिला कलैक्टर के निर्देशानुसार उक्त कार्य के लिए उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला स्तर पर नोडल अधिकारी रहेंगे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम व जिला आशा समन्वयक सह नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे वही समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक स्तर के नोडल अधिकारी होंगे।

# युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के भीतरी क्षेत्र सिवांची गेट स्थित नाथों की बगेची के पास में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। पुलिस जांच कर रही है।

प्राप्त जाानकारी के अनुसार खांडाफलसा पुलिस ने बताया कि सिवांची गेट स्थित नाथों की बगेची के रहने वाले 30 वर्षीय तेजनाथ ने अपने घर में साड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी। उसके भाई प्रेमनाथ ने इस बारे में मर्ग की रिपोर्ट दी है। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है।

# पर्यावरण से संबंधित विषयों पर कार्यशाला हुई




जालोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पर्यावरण विषय पर आयोजित कार्यशाला को सी.जे.एम. महेश कुमार ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रदूषण नियंत्रण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को ग्रेनाइट एसोसिएशन भवन में पर्यावरण से संबंधित विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यवाहक सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश कुमार ने कहा कि बढते औद्योगिकरण के दौर में पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। इसलिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के उपायों को अपने व्यवहार में ढालना चाहिए और हर समय पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण से होने वाले नुकसानों के बारे में बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के उपायों की जानकारी दी।

उन्होंने पर्यावरण से संबंधित कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थिल लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे और अधिक से अधिक पेड़ लगाएं तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें।

कार्यक्रम के दौरान राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल सिरोही के क्षेत्रीय अधिकारी राहुल शर्मा ने पर्यावरण प्रदूषण रोकने के उपायों के बारे में बताते हुए सरकार द्वारा प्रतिबंधित किये गये पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले सामान की जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग घटाने और उसके स्थान पर उपयोग में लिये जाने वाले सामान की जानकारी दी। प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता वेदांश सोलंकी सरकार द्वारा 1 जुलाई से प्रतिबंधित किये गये प्लास्टिक के बारे में जानकारी दी। ग्रेनाइट एसोसिएशन के तरूण अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने एवं सिंगल युज प्लास्टिक के उपयोग बंद करने का आव्हान किया। कार्यशाला को अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड पौधे लगाने व सिंग यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के हाथों उपस्थित लोगों को कपडे के थैले वितरित किये गये और दैनिक जीवन में प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कपडे के थैले उपयोग में लेने की अपील की गई।

प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता शंकर विश्नोई के अलावा ग्रेनाइट एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, सदस्य, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, छात्र व लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में ग्रेवल सड़क, इंटरलॉकिंग खरंजा निर्माण होगा

**जालोर**, (कासं)। महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक ग्रेवल सड़क तथा एक 300 से 400 मीटर इंटरलॉकिंग खरंजा निर्माण कार्य की स्वीकृति का निर्णय लिया है।

जिल कलैक्टर निशांत जैन ने बताया कि इन कार्यो के प्रस्ताव के साथ योजना की गाइडलाइन एवं चैकलिस्ट के अनुसार प्रस्ताव ऑनलाइन मांगे गये हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि प्रथमत: पंचायत एवं जन समुदाय की प्राथमिकता के अनुसार ही कार्यों को प्रेषित किया जावें जिससे एमजीनरेगा योजना की भावना के अनुरूप रोजगार की मांग आपूर्ति के साथ जन भावना की आकांक्षा अनुरूप कार्यों की स्वीकृति जारी की जा सकेगी।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने सभी विकास अधिकारियों को उक्त निर्देशों की अनुपालना में गाइडलाइन के अनुसार कार्य प्रस्ताव सात दिवस में आवश्यक प्रस्तुत करने के निर्देश है।

सार्वनिक निर्माण विभाग द्वारा जालोर जिले में स्वीकृत 325.45 किलोमीटर लम्बाई के सड़क नवीनीकरण, चौड़ाईकरण एवं नये निर्माण कार्यों को चरणबद्ध तरीके से माह सितम्बर तक पूर्ण किया जायेगा जिससे आवागमन में सुगमता होगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता हुकमचंद बैरवा ने बताया कि जिले में परिवहन की सुगमता के लिए 322.45 किमी सड़क पर कार्य प्रगति पर है जिसे सितम्बर माह तक पूर्ण किया जायेगा जिससे आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुगमता होगी। वही सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 11.70 किमी भागली-डकातरा-बाकरा सड़क का डामरीकरण (नवीनीकरण) कार्य प्रगति पर चल रहा है एवं लगभग 6 किमी कार्य पूर्ण हो चुका है।

# सोनलदे रूपलदे माताजी मंदिर का वार्षिकोत्सव हुआ



सायला के पास रेवतड़ा में देवासी करमटा गोत्रिय समाज की ओर से निर्मित श्री सोनलदे रूपलदे माताजी मंदिर का पंचम वार्षिकोत्सव एवं ध्वजारोहण करर्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला**, (निसं)। सायला के पास रेवतड़ा स्थित देवासी करमटा गोत्रिय समाज द्वारा निर्मित श्री सोनलदे रूपलदे माताजी मंदिर का पंचम वार्षिकोत्सव एवं ध्वजारोहण गुरूवार को विभिन्न साधु-संतो के पावन सान्निध्य में धूमधाम से मनाया गया। कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ।

वार्षिकोत्सव को लेकर अलसवेरे से ही देवासी समाज के लोगो का पारम्परिक वेशभूषा में सजधज कर कार्य म स्थल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। इसके बाद ध्वजा के लाभार्थी परिवार द्वारा प्रात: शुभ मुहुर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रेवतडा स्थित मन्दिर के शिखर पर वार्षिक ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान पूरा मन्दिर प्रांगण जयकारों से गुंजायमान हो गया। जिससें पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। वही महिलाओं ने मंगलगीत गाए तथा पुरूषों ने वीणा की सुमधुर स्वरलहरियों पर वाणी की प्रस्तुति दी।

इस मौके सायला के सिणधरी रोड स्थित देवासी करमटा गोत्रिय विकास सेवा संस्थान भवन में आयोजित हवन में लाभार्थी परिवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंगल कामनाओं के साथ आहुतियां दी गई। महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान, हरियाणा व गुजरात समेत क्षेत्रभर से देवासी समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

वार्षिकोत्सव की पूर्व संध्या पर बुधवार रात्रि को विशाल भजन संध्या में कलाकार छगन देवासी सांचौर, ओम प्रजापत जसोल व धनराज रेबारी बडौदा ने श्री सोनलदे व श्री रूपलदे माता के एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी।

भजन गायकों ने भजन संध्या का आगाज गणेश वंदना व गुरू वंदना के साथ किया। इसके बाद वारी जाऊ रे बलिहारी..., मैं तो रे मनाऊ म्हारी अर्बुदा मात..., ठुमक ठुमक ने चाले भवानी... पुरी रे पूनम री रात पाबुजी राठौड... सरीखे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन नवरतन सोनी शिवगंज ने किया।

समाज में शिक्षा के प्रसार पर दिया जोर:- वार्षिकोत्सव के तहत सायला के सिणधरी रोड स्थित देवासी करमटा गोत्रिय विकास सेवा संस्थान भवन में गुरूवार को सामाजिक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने समाज में शिक्षा को बढावा देने की बात कही। साथ ही कहा कि शिक्षा से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों पर अंकुश संभव हैं। वही समाज में बाल विवाह एवं नशे की प्रवृति को भी बन्द करने की बात कही।

